# अटारी में घटिया सामग्री से बना रहे पुलिया, जांच की मांग



**लखनादौन, देशबन्धु।** जनपद पंचायत लखनादौन के ग्राम बिछुआ के अटारी गांव में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के तहत बन रही पुलिया, मनमाने ढंग से एस्टीमेट को ताक में रखकर 5 लाख रुपए की लागत से निर्माणधीन है यहां न केवल घटिया निर्माण सामग्री का बेरोकटोक इस्तेमाल हो रहा है, बल्कि ग्रामीणों की शिकायतें और निर्माण स्थल की हकीकत चीख-चीख कर बता रही है कि यह सिर्फ घोर लापरवाही अधिकारी, की सुनियोजित मिलीभगत किया जा रहा है।

**इंजीनियरिंग मानकों की अनदेखी** -जयराम के खेत के पास, अटारी से सागर रोड पर बन रही यह पुलिया नाले के विशाल आकार और पानी के तेज बहाव के बावजूद बेहद छोटी और कमजोर बनाई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच कुंती बाई और सचिव रेखा मरकाम अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए अटारी के साथ खुलेआम सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। बिछुआ ग्राम पंचायत में जहां 11 लाख से अधिक की लागत से अनावश्यक रूप से बड़ी पुलिया बना दी गई, वहीं अटारी जैसे महत्वपूर्ण मार्ग पर कम लागत की घटिया पुलिया निर्माण थोपा जा रहा है, जो उनकी नीयत और तकनीकी समझ पर गंभीर सवाल उठाता है।

**निर्माण स्थल पर मौजूद साक्ष्य और ग्रामीणों के बयान** – निर्माण में घटिया रेत, सीमेंट और ओवरसाइज़्ड स्टोर मेटल का घिनौना प्रयोग हो रहा है। यह सामग्री किसी भी सरकारी या इंजीनियरिंग मानक पर रत्ती भर भी खरी नहीं उतरती, जो पुलिया की नींव को खोखला कर इसकी आयु को चंद दिनों तक सीमित कर देगा।

कंक्रीट की गुणवत्ता से खिलवाड़- कंक्रीट की सघनता और मजबूती के लिए अति आवश्यक वाइब्रेटर का उपयोग पूरी तरह से नदारद है। कंक्रीट में हवा के बुलबुले भरे हैं, जो पुलिया को खोखला, छिद्रपूर्ण और कभी भी ढहने योग्य बना रहे हैं। यह कंक्रीट टेक्नोलॉजी के मूलभूत सिद्धांतों की अनदेखी है।

**क्यूरिंग में खानापूर्ति** – कंक्रीट की सही तरावट (क्यूरिंग) के बिना उसकी पूरी क्षमता कभी विकसित नहीं हो सकती। अटारी में क्यूरिंग के नाम पर सिर्फ कागजी औपचारिकता निभाई जा रही है, जिससे पुलिया की सतह पर दरारें पड़नी तय हैं यह तकनीकी सुरक्षा को पूरी तरह दरकिनार कर रहा है।

**अदृश्य सूचना बोर्ड** – सरकारी नियमों के बावजूद, अटारी में परियोजना का नाम, लागत, ठेकेदार और अधिकारियों की जानकारी वाला कोई सूचना बोर्ड नहीं है। यह सूचना के अधिकार का सीधा उल्लंघन है। तकनीकी अधिकारी नदारद – इंजीनियरिंग पर्यवेक्षण का घोर अभाव- निर्माण कार्य पर किसी भी योग्य तकनीकी अधिकारी या उपयंत्री की अनुपस्थिति अत्यंत संदिग्ध है। काम बिना उचित पर्यवेक्षण के, अकुशल और भ्रष्ट हाथों से किया जा रहा है, जो पुलिया की गुणवत्ता को और भी खतरनाक बनाता है।

**अधिकारियों की शर्मनाक चुप्पी क्यों** – इस खुलेआम भ्रष्टाचार पर संबंधित अधिकारियों, जैसे क्षेत्रीय उपयंत्री और एसडीओ (अनुविभागीय अधिकारी) की चुप्पी खौफनाक है। उनकी आँखें आखिर क्यों मूंदी हुई हैं? क्या उन्हें यह गुणवत्ताविहीन और जानलेवा निर्माण दिखाई नहीं देता। यह उनकी घोर निष्क्रियता और अक्षमता ही है, जो इस भ्रष्टाचार को खुली छूट दे रही है।

**डीपीआर की धज्जियां** -किसी भी पुलिया के निर्माण में तकनीकी सुरक्षा और गुणवत्ता परीक्षण सर्वोपरि होते हैं। पुलिया की डिज़ाइन, उसका आधार, दीवारों की मोटाई, नींव का स्तर और पानी के दबाव को झेलने की क्षमता, ये सब गहन तकनीकी गणनाओं और कठोर परीक्षणों पर आधारित होते हैं। सीमेंट-रेत अनुपात, स्टील की गुणवत्ता, कंक्रीट की कंप्रेसिव स्ट्रेंथ और पानी का संतुलन – ये सभी मानदंड पुलिया की दीर्घायु और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

नाले के बहाव के हिसाब से पुलिया का निर्माण कहीं बड़ा होना था, लेकिन यहां एक छोटी, अस्थाई पुलिया, नाममात्र के घटिया कलवर्ट पाइप डालकर, मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्या डाले गए पाइप सही मानक और गुणवत्ता के हैं? क्या उनका आकार नाले के जलप्रवाह के अनुकूल है? सबसे बड़ा और ज्वलंत सवाल यह है कि उपयंत्री या एसडीओ जैसे उच्च अधिकारियों ने कभी उस जगह जाकरवास्तविक स्थिति का जायजा लिया है? क्या उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि कैसी पुलिया बननी चाहिए, कौन से पाइप लगने चाहिए, उनका आकार क्या होना चाहिए और कुल लागत कितनी आनी चाहिए? या फिर केवल अपने एयर-कंडीशंड दफ्तरों में, कंप्यूटर पर बैठकर फर्जी डीपीआर बना दिया गया और इस महत्वपूर्ण परियोजना को भ्रष्टाचार के हाथों सौंप दिया गया है। यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि जनता की गाढ़ी कमाई की खुली लूट और उनके जीवन से जघन्य खिलवाड़ है।

# आदिवासी नेतृत्व.. फिर भी अत्याचार क्यों?

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र मध्यप्रदेश की उन कुछ सीटों में से एक है जो आदिवासी आरक्षित घोषित है। यही नहीं, नवगठित पांढुर्णा जिला भी आदिवासी जनसंख्या के लिहाज़ से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहाँ विधायक आदिवासी, पूर्व विधायक आदिवासी, जनपद अध्यक्ष आदिवासी और जिला स्तर के कई महत्वपूर्ण पदों पर भी आदिवासी नेता आसीन हैं। फिर भी आदिवासी समाज के खिलाफ लगातार होने वाले अत्याचार नहीं रुकते?

बीते दिन महुआ शराब रखने के झूठे आरोप में एक आदिवासी युवक की गिरफ्तारी और फिर जेल में संदिग्ध मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। आरोप है कि युवक को पुलिस, आबकारी विभाग ओर गुर्गों ने बेरहमी से पीटा, उसके शरीर पर चोटों के निशान मिले, और अब प्रशासन इस मौत को हार्ट अटैक बताकर अपना पल्ला झाड़ रहा है। क्या यही है आदिवासी समाज के प्रति प्रशासन का संवेदनशील रवैया?

क्या आदिवासी क्षेत्रों में आबकारी विभाग, गुर्गे और पुलिस बेलगाम हो चुके हैं? सबसे बड़ा सवाल है कि जब सत्ता में बैठे आदिवासी नेता खुद अपने समाज की आवाज़ नहीं बन पा रहे तो फिर आम ग्रामीण किससे उम्मीद करें? क्या आदिवासी नेताओं की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव जीतने तक सीमित रह गई है।क्या आदिवासी समाज की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा अब सिर्फ आंदोलनों और धरनों के भरोसे छोड़ दी गई है? इससे जाहिर है कि सिर्फ आरक्षण से हक़ नहीं मिलता, असली हक़ तब मिलता है जब नेतृत्व जिम्मेदारी से बोलता है, लड़ता है और खड़ा होता है।

## सार-समाचार

### धरती आबा अभियान का लगा शिविर



**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** भारत सरकार जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महा अभियान एवं धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कृष्ट अभियान चलाया जा रहा है । इस संबंध में जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक अभियान के अंतर्गत जागरूकता का आयोजित किया जाना प्रस्तावित है इस हेतु ग्राम पंचायत ग्राम स्तर पर क्लस्टर वार शिविरों के माध्यम से आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड पीएमजे वाए कार्ड जाति प्रमाण पत्र पीएम किसान जनधन खाता सिकल सेल रोग का परीक्षण एवं अन्य शिविरोंमें किया जाना है इसी तारतम्य में 17 6 2025 को ग्राम गुर्रे खुर्रमऊ में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें शिक्षा विभाग से नोडल अधिकारीओ पी सोनी ग्राम के सचिव जगदीश धुर्वे रोजगार सहायक मोबिलाइज पटवारी आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### रायसोनी यूनिवर्सिटी में लगाये गए 1,51,551 पौधे



**सौसर, देशबन्धु।** क्षेत्र की जीएच रायसोनी यूनिवर्सिटी मे पर्यावरण दिवस से एक पेड माँ के नाम मुहीम के अंतर्गत पौधे लगाने का सील सिला जारी रहा जिसका आज सौसर अनुविभागीय अधिकारी सिद्धार्थ पटेल की उपस्थिति मे कार्यक्रम का समापन हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार तक कुल 1,51,551 पौधे लगाये गए । देशव्यापी प्रयास %एक पेड़ माँ के नाम% के तहत 24 मध्यप्रदेश बटालियन, छिंदवाड़ा के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन और लेफ्टिनेंट टापनिया जेनिश (एसोसिएट एनसीसी अधिकारी एवं खेल अधिकारी)के नेतृत्व और डॉ केविन गवली (कृषि विज्ञान कॉलेज के डीन) के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स और जीएच रायसोनी विश्वविद्यालय, साईखेड़ा के कृषि विज्ञान के छात्रों ने 05/06/2025 से 18/06/2025 तक साईखेड़ा, ढोडा बोरगांव और बोथिया गांव की बबर्जर भूमि में 1,51,551 पेड़ पौधे लगाए हैं जो सौंसर और पाण्डुर्णा जिले के अंतर्गत आते हैं।इस पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत (एस.डी.एम.) श्री सिद्दार्थ पटेल ने उपस्थित रहकर लोगों को पर्यावरण के प्रति प्रेम और जतन का संदेश दिया।

# निराश्रित गायों के लिए एक रोटी लेने घर-घर आएगा वाहन



**सौंसर, देशबन्धु।** सेवा संभव संस्थान एवं नगर गोसेवक टीम सड़कों पर निराश्रित होकर घूमने वाले पशुओं के लिए हमेशा से सेवारूपी कार्य करते आये है। ऐसे में एक और पुनीत कार्य करने की संकल्प कड़ी को नगर के गोसेवक प्रारंभ करने जा रहे हैं, जिसमे अब लोगो को गौमाता के लिए रोटी अलग से नहीं देना पड़ेगा बल्कि "एक रोटी गोमाता के नाम" पर गोग्रास संग्रहण हेतु घर-घर रोटी एकत्र करने वाहन आएगा। इस वाहन में लोग अपनी स्वेच्छा से रोटी दान कर सकते हैं।

गो सेवा टीम के सक्रीय सदस्य वैष्णव खंडाइत ने बताया की लोग नगर में घूमती गायों को अपनी क्षमता अनुसार रोटी देते थे या फिर उसे कूड़े में फेंक देते थे, परन्तु अब उन्हें सड़को पर रोटी फेंकने की आवश्यकता नहीं होगी। सेवा संभव संस्थान एवं नगर गोसेवक टीम का गा ग्रास वाहन स्वयं उनके द्वार आएगा और उनसे एक रोटी दान में लेगा। उन्होंने बताया की लोगों को गो सेवा से जोड़ने के लिए एक विशेष सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।

इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में विशेष रूप से सेवा संभव संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह यादव ने गोग्रास संग्रहण हेतु वाहन की व्यवस्था उपलब्ध कराई है। उन्होंने सौसर नगर के गोसेवकों को विश्वास दिलाते हुए कहा की गोसेवा एवं रक्षा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी। हर संभव सहयोग संस्थान की ओर से प्रदान किया जायेगा। गो सेवक टीम ने सौसर नगरवासियो से इस पुनीत कार्य में सहयोग करने की अपील की है। इस कार्य में टीम के सदस्य वैष्णव खंडाइत, विशाल धकाते, राहुल लाड़से, रेशु खंडाइत, ऋषिकेश येलमुले, आदित्य दवंडे, गणेश गौतम, आशु वाडेकर, पंकज लोणारे, राजू लोणारे, प्रदीप बिघाने, राजेश उपासे, पीयूष बड़वाईक, राम अकोटकर, राम शेंद्रे,लाला पवार, अमित पवार, सुमित पवार सहित क्षेत्र के शिवराय संगठन सहित अनेक सेवाभावी संगठनों के सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया है।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का युवक को मिला लाभ



### लाभार्थी को दो लाख की मिली आर्थिक सहायता

**गोटेगांव, देशबन्धु।** समीपवर्ती भारतीय स्टेट बैंक शाखा खमरिया गोटेगाव में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत शाखा प्रबंधक महेंद्र शर्मा के द्वारा एक लाभार्थी को दो लाख राशि की राशि भुगतान गया मिली।

ग्राम - नोनी निवासी मोहन बाई की बीमारी के कारण मृत्यु हो गयी थी. मृतक व्यक्ति ने स्टेट बैंक के माध्यम से 436 रुपये का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा कराया था. जिसका लाभ उसके नोमिनी पति तखत सिंह लाभार्थी को दिया गया।

मौके पर शाखा प्रबंधक महेंद्र शर्मा ने कहा कि सभी खाताधारकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जो दुर्घटना बीमा योजना है जिसमें 20 रुपए सालाना लगता है और 2 लाख का बीमा होता है। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जिसमें 436 रुपये सलाना लगता है जो किसी भी कारण से हुई मृत्यु होने पर उसके नोमिनी को 2 लाख राशि दी जाती है।.ये दोनों बीमा अवश्य करा लेना चाहिए। ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना व आकस्मिक मृत्यु होने पर उसके परिजनों को आर्थिक सहायता मिल सके जानकारी के अभाव में कई लोग बीमा कराने से वंचित रह जाते है.बाद में उसे पछताना पड़ता है ।

इस अवसर पर बैंक के शाखा प्रबंधक महेंद्र शर्मा, लोन अधिकारी सौरभ विश्वकर्मा, रोकड़ अधिकारी प्रशांत साहू, किओस्क चालक सुयश विश्वकर्मा मौजूद थे।

## राहुल गांधी का जन्मदिन आज

**सिवनी, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कॉग्रेस कमेटी के महासचिव लोकप्रिय नेता राहुल गांधी का जन्मदिन आज 19 जून 2025, दिन गुरूवार को जिला कॉग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में दोपहर 12 बजे मनाया जाएगा। तत्पश्चात राहुल गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रंजीत बघेल द्वारा वृद्ध आश्रम जाकर फल वितरण किया जाएगा। जिला कॉग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कॉग्रेस जनों से कार्यक्रम में आने की अपील की है।

## शाला बनी शराबियों का अड्डा

**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** नगरीय क्षेत्र वार्ड क्रमांक 1 शासकीय माध्यमिक शाला जगमोहन दास के स्कूल ग्राउंड को बाउंड्री नहीं होने के कारण शराबियों ने शराब पीने का अड्डा बना लिया है। यहां पर शराबी शराब पीने के बाद बोतल को चकनाचूर कर फोड़ कर चले जाते हैं। छात्र-छात्राओं का एकमात्र खेल का मैदान है। प्रशासन को चाहिए कि यहां पर बाउंड्रीवाल तत्काल बनाकर गेट लगाकर ताला लगाया जाए।

# यूनिफार्म-बैग पाकर खिल उठे चेहरे



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** छोटी पुलिस लाइन , ध्यानचंद वार्ड सिवनी निवासी सेवानिवृत्त सी के चौबे एवं परिवार द्वारा बड़ी सुपुत्री स्व. याशिका की चतुर्थ पुण्यतिथि पर अमरवाड़ा विकासखण्ड के ग्राम पथरकटी , जो चौबे जी की कुलदेवी का ग्राम है।

शासकीय प्राथमिक शाला पथरकटी के नन्हे मुन्ने बच्चों को बैग, स्कूल यूनिफार्म, कॉपी देकर पढ़ाई के प्रति उन्हें प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त जो विद्यार्थी कक्षा पहली से पांचवी तक कक्षा में प्रथम श्रेणी में आए हैं। उन्हें विशेष ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया जिससे अन्य बच्चों को अच्छे परीक्षा परिणाम हेतु प्रेरणा मिले।

इस अवसर पर चौबे परिवार के अतिरिक्त अमरवाड़ा से सेवानिवृत्त समाजसेवी शिक्षिका सन्ध्या राय, योगमाया पाठक, राजेश तिवारी, नन्दनी तिवारी, शाला के प्रधानपाठक उइके, शिक्षिका उइके, संगीता सल्लाम की प्रमुख उपस्तिथी रही। साथ ही जीवनदान फाउंडेशन संस्था के पाठशाला कांसेप्ट को सभी उपस्थित पालकों को समझाकर स्थानीय जरूरतमंद महिला श्रीमती संगीता सल्लाम को बच्चो की ट्यूशन हेतु सुनिश्चित भी किया गया। अंत मे सभी ने पुण्यात्मा सुश्री याशिका चौबे के प्रति श्रद्धाजंलि दी।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 19 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ कृष्ण पक्ष की अष्टमी, नक्षत्र-उ.भा.।**

मेष - आज आप का दिन अनुकूल है। स्वस्थ तन-मन से आज सारे काम पूरे कर पाएंगे। परिणाम स्वरूप आप में ऊर्जा एवं उत्साह छलकेगा। भाग्य का साथ आपको मिलेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ समय आनंद में गुजरेगा।

वृषभ - आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्रोत बढ़ेगा। मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा। उनके साथ आनंद के पल गुजार सकेंगे।

मिथुन - आपकी शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे। उच्च अधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने पर आपके उत्साह में वृद्धि होगी। ( 446-660 )

कर्क - आज आपका भाग्य चमकेगा और आकस्मिक आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह - आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है।

कन्या - आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे। मनोरंजन सम्बंधी मामलों में आप रुचि लेंगे। वाहन और आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं।

तुला - स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी। काम-काज में सफलता और प्रशंसा दोनों से उत्साह में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी। अपमानित होने का योग है, इसलिए लोगों से बातचीत में ध्यान रखें।

धनु - आज भावनाओं का अतिरेक रहेगा और पारिवारिक चिंता से मानसिक तनाव की आशंका बनी रहेगी। बेचैनी का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। मां की तबीयत की चिंता हो सकती है।

मकर - आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कुंभ - आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं, तो परिजनों के साथ मतभेद होने की आशंका बनी रहेगी। धार्मिक कामों पर खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा।

मीन - आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे, तो उसमें सफलता मिलेगी। धार्मिक उद्देश्य से प्रवास होगा। ( 355-660 )

1,5,7,8-91,53,76,87,14,63,24,39

# भाजपा की मंडल कार्यशाला आयोजित, की मोदी सरकार की सराहना



**लोधीखेड़ा, देशबन्धु ।** भारतीय जनता पार्टी मंडल लोधीखेड़ा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सेवा सुशासन ओर गरीब कल्याण के लिए संकल्पित भाजपा सरकार के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के परिपेक्ष्य मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र का पूजन कर पुष्प अर्पित कर किया गया- तत्पश्चात उपस्थित संकल्प सभा के मुख्य वक्ता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रसदन साहू जी का स्वागत फूलमाला पहनाकर एवं तिलक लगाकर मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे द्वारा किया गया।

तदुपरांत उपस्थित कार्यकर्ताओं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं एवं 11 सालो में होने वाली उपलब्धियों को विस्तार पूर्वक बताया गया। तत्पश्चात संकल्प सभा को संतोष जैन पूर्व उपाध्यक्ष महाकौशल प्राधिकरण , राजू परमार पूर्व जिलाध्यक्ष, राहुल मोहोड़ जिला महामंत्री के द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता ओर उनके नेतृत्व वाली सरकार जिनके द्वारा देश के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक के विकास लिए भाजपा सरकार संकल्पित है साथ ही देश ओर प्रदेश में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं से उपस्थित लोगों को अवगत कराया साथ ही संकल्प दिलाया आप ओर हम सब को मिलकर प्रत्येक ग्राम में जाकर भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही एक एक योजनाओं को अवगत कराना उन्हें उन योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही।संकल्प सभा में मंच संचालन दिनेश रायकवार मंडल महामंत्री एवं हरिदास धुर्वे मंडल महामंत्री द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

कार्यशाला में प्रभाकर बोबडे, भारती चौरासे, दिनेश रायकवार , हरिदास धुर्वे लक्ष्मण घोरमारे, होमदेव वनजारकर, माधव ठाकरे शिवदयाल गुजवार, दीपक नाईक, सुनील जोगी, यशवंत बोढे, सुधाकर जुनघरे, धीरेन्द्र करडमारे, नामदेव बोबडे, राजू ढोके, प्रफुल देवतले , स्वामीनाथ यादव, पुरुषोत्तम काकडे , उमेश ढोके, अनिल सूर्यवंशी, संतोष पाल , माधव ताजनें, सहाबू साहू, शालीकराम गोहत्रे, दिनेश कुरेकर वामन घांगरे प्रभाकर ढोके, कुमाराज कूरेकर, गजानन उइके, नाना साबले, विजय वराठे, दिलीप ठाकरे, अनिरुद्ध शिंदे, बंटी अंबरते, दिनेश कड़क, मुकेश साहू रोशन पांडे, गजानन ढोके , उमेश भुजबल, रमन दिवटे, अरूण काकडे, श्री बाबा अंबोरे, दिनेशराज मोहिते, धनंजय सीते, अमित दीडमीसे, चंपाबाई परिहार, ममता बारस्कर, पूजा बांगडे, सरिता टेटे संगीता ढोके, मधुकुमारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।कार्यक्रम के अंत में गुजरात विमान दुर्घटना में देवलोक गमन हुए लोगो का एवं मंडल के कर्मठ कार्यकर्ता डॉ. उमाकांत मुंगोले को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई।

## संकल्प सभा आयोजित



**पिपला नारायणवार, देशबन्धु।** सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल और देश में आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत के संकल्प की दिशा में बीते 11 वर्षों की उपलब्धियों को समर्पित संकल्प सभा का आयोजन पिपला नारायणवार, मंडल द्वारा मां सेलिब्रेशन हाल मोहगांव में किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री नाना भाऊ मोहोड एवं नरेंद्र सिंह परमार पूर्व जिला अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता राजेंद्र भक्ते नगर परिषद अध्यक्ष संदीप घाटौड़े मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे नामदेवजी पाल मंडल अध्यक्ष रामा कोना पलशराम राने पूर्व मंडल अध्यक्ष गजानजी पाठ मासे जनपद उपाध्यक्ष सौसर नारायण वाडोदे, कैलाश पालीवाल, नरेंद्र ठोम्बरे, मंडल महामंत्री जयंत शेंडे, श्रीमती निर्मला बोकडे, महिला मंडल मोर्चा अध्यक्ष मंडल उपाध्यक्ष जीजाबाई नाडेकर, प्रदीप केने, रामबाबू सरोदे, प्रदीप माहेश्वरी, रामराव बेंडे, बबलू केचे, गंगाधर भोंगाड़े महिला पार्षद एवं अन्य कार्य करता गण उपस्थित थे।